www.health.nsw.gov.au

NSW होटल क्वारंटाइन कर्मचारी निगरानी और जांच कार्यक्रम

जन स्वास्थ्य (COVID-19 हवाई परिवहन क्वारंटाइन) आदेश (संख्या 4) 2020 के अधीन, नामांकित क्वारंटाइन केन्द्र के कर्मचारी के रूप में परिभाषित होने के लिए, यह ज़रूरी है कि व्यक्ति:

- NSW के जांच कार्यक्रम (टेस्टिंग प्रोग्राम) में एक ऐसे व्यक्ति के तौर पर उल्लिखित हो जिसपर जांच संबंधी दायित्व लागू हों; और
- क्वारंटाइन होटल के संबंध में काम करता हो या सेवाएँ प्रदान करता हो; तथा
- पुलिस अधिकारी हो, व्यक्ति को चिकित्सीय उपचार या देखभाल प्रदान करने के प्रयोजनों के लिए क्वारंटाइन केन्द्र में प्रवेश/पहुँच प्राप्त कर रहा हो, अथवा कोई ऐसा व्यक्ति हो जो केन्द्र के सामान्य संचालन के लिए आवश्यक प्रकार्य करता हो या सेवाएँ प्रदान करता हो।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने NSW जांच कार्यक्रम में निम्नलिखित व्यक्तियों को ऐसे व्यक्तियों के रूप में उल्लिखित किया है जिनपर आदेश के अधीन जांच संबंधी दायित्व लागू होते हैं।

आम सवाल

होटल क्वारंटाइन केन्द्रों में कर्मचारियों के लिए COVID-19 की नियमित जांच करवाने का क्या प्रयोजन है?

जन स्वास्थ्य (COVID-19 हवाई परिवहन क्वारंटाइन) आदेश (संख्या 4) 2020 में दी गई आवश्यकताओं के अनुसार NSW Health हमारे क्वारंटाइन केन्द्रों में काम करने वाले कुछ निश्चित कर्मचारियों का ध्यान रखने और उनके लिए सावधानी बरतने के लिए COVID-19 की नियमित जांच लागू कर रही है। जैसे-जैसे पूरे विश्व में COVID-19 के मामले बढ़ रहे हैं तथा और अधिक लोग विदेश से ऑस्ट्रेलिया वापिस आ रहे हैं, हमें क्वारंटाइन केन्द्रों में मामलों की अधिक संख्याओं का होना देख रहे हैं। यह जांच मामलों के लिए एक शुरूआती चेतावनी संकेत के तौर पर है – लोगों के लक्षण होने से कहीं पहले।

स्लाइवा टेस्ट (लार की जांच) कैसे काम करती है?

इस नए कार्यक्रम में बार-बार स्लाइवा टेस्ट का प्रयोग किया जाएगा। स्लाइवा इकट्ठा करना एक पीड़ारहित और आसान प्रक्रिया है। यह देखें कि व्यक्तिगत लेबल सही है और इसे ट्यूब पर रखें। टेस्ट स्वैब को 30 सेकेंड के लिए जीभ पर रखें और इसे हटाएँ यह ध्यान में रखते हुए कि यह आपके होठों को न छुए। स्वैब को उपलब्ध ट्यूब में रखें, स्टिक हटाएँ, ढक्कन को कसकर बंद करें और इसे नमूना बैग में डालें।

क्या स्लाइवा टेस्ट COVID-19 के अलावा किसी अन्य चीज़ का पता लगाती है (शराब, अन्य दवाईयाँ, मनोरंजनात्मक नशीले पदार्थ, गर्भावस्था)?

नहीं। यह टेस्ट केवल COVID-19 की उपस्थिति का पता लगाएगा।

© NSW Ministry of Health 2021

क्या स्लाइवा टेस्ट COVID-19 के पुराने संक्रमण का पता लगाता है?

हो सकता है कि यह COVID-19 का पुराना प्रमाण दिखाए।

क्या समुदाय के अन्य सदस्य नाक और गले के स्वैब की बजाए स्लाइवा टेस्ट करवा सकते हैं?

दुर्भाग्यवश नहीं। नाक और गले का स्वैब लक्षणों वाले हर व्यक्ति के लिए सबसे सटीक रोग-निदान टेस्ट है। इस समय, स्लाइवा टेस्ट का प्रयोग लक्षणहीन लोगों (जिन लोगों में लक्षण नहीं होते हैं) में स्क्रीनिंग टेस्ट के तौर पर प्रयोग किया जाता है।

क्या अन्य उच्च-खतरे वाले समूह स्लाइवा टेस्ट करवा सकते हैं? जैसे कि स्वास्थ्य-देखभाल कर्मचारी?

इस समय, हम अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों के साथ अग्रिम रेखा पर काम करने वाले लोगों पर ध्यान दे रहे हैं – जैसे कि हवाई-अड्डों, समुद्री बंदरगाहों और क्वारंटाइन होटलों में काम करने वाले लोग। सरकार भविष्य में अन्य समूहों पर आवश्यकतानुसार विचार करेगी।

मेरे छोटे बच्चे में COVID-19 के लक्षण हैं – क्या वे नाक के स्वैब की बजाए स्लाइवा टेस्ट करवा सकते हैं?

दुर्भाग्यवश नहीं। नाक और गले का स्वैब लक्षणों वाले हर व्यक्ति के लिए सबसे सटीक रोग-निदान टेस्ट है। इस समय, स्लाइवा टेस्ट का प्रयोग लक्षणहीन लोगों (जिन लोगों में लक्षण नहीं होते हैं) में स्क्रीनिंग टेस्ट के तौर पर प्रयोग किया जाता है।

यह टेस्ट कितना सटीक होता है?

कई विदेशी परिवेशों में प्रयोग किए जाने पर इस टेस्ट के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। यह वायरस का पता लगाने में करीब 83% - 85% संवेदनशील है। संवेदनशीलता (वायरस के उपस्थित होने पर इसका पता लगाने की क्षमता) के संदर्भ में जो कमी रह जाती है, उसे स्क्रीनिंग टेस्ट करने की संख्या को बढ़ाकर पूरा किया जाएगा।

बार-बार टेस्ट करने के क्या खतरे हैं? क्या मेरा मुंह सूज जाएगा? क्या हर रोज़ इस रासायन का सेवन सुरक्षित है?

बार-बार टेस्ट करवाने के कोई खतरे नहीं हैं। स्वैब से आपका मुंह सूजना नहीं चाहिए, यह आपकी जीभ पर आराम से बैठना चाहिए। स्वैब में कोई रासायन नहीं होते हैं, यह केवल आपकी लार को सोखता है।

यदि मेरा टेस्ट पॉज़िटिव आता है तो क्या होता है?

यदि आपके स्लाइवा टेस्ट में वायरस का पता चलता है, तो आपको तुरंत एकांतवास करने के लिए कहा जाएगा और आपको आगे अधिक रोग-निदान जांच करानी होगी। ऐसा होने पर NSW Health का एक सदस्य आपको बताएगा कि क्या करना है।

मुझे डर है कि यदि मेरा टेस्ट पॉज़िटिव आता है, तो मेरी नौकरी चली जाएगी।

कोई भी COVID-19 से ग्रस्त हो सकता है। इस लड़ाई में समुदाय एक मुख्य सहभागी है। सामने आकर, आप समुदाय को इस महामारी से लड़ने में सहायता कर रहे हैं। NSW हमारे होटल सहभागियों के साथ करीबी से काम करता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि मिलकर इस महामारी से लड़ने के लिए हमारी एक एकीकृत विधि है।

© NSW Ministry of Health 2021

यदि मेरा टेस्ट पॉज़िटिव आता है तो मैं नहीं चाहता कि मीडिया को इसकी खबर मिले – हो सकता है कि मेरे COVID से ग्रस्त होने से मेरे समुदाय में क्रोध हो।

सभी टेस्ट परिणाम और मामले गोपनीय बने रहेंगे और सूचना का प्रयोग तथा प्रकटीकरण केवल गोपनीयता कानून के अनुसार किया जाएगा।

यदि मैं टेस्ट नहीं करवाता हूँ तो क्या होता है?

निगरानी जांच एक महत्वपूर्ण सुरक्षा उपाय है और एक जन स्वास्थ्य आदेश द्वारा इसका समर्थन किया जाएगा। यदि आप एक नामांकित क्वारंटाइन केन्द्र के कर्मचारी हैं और आप जन स्वास्थ्य (COVID-19 हवाई परिवहन क्वारंटाइन) आदेश (संख्या 4) 2020 के अधीन टेस्ट करवाने से इंकार करते हैं तो हो सकता है कि आप क्वारंटाइन केन्द्र में प्रवेश करने में असक्षम हों। आपके नियोक्ता के लिए आपके साथ रोज़गार के प्रबंध की चर्चा करना आवश्यक होगा।

यदि मुझे COVID-19 के लक्षण हैं तो क्या मैं नाक के स्वैब की बजाए स्लाइवा टेस्ट करवा सकता/सकती हूँ?

दुर्भाग्यवश नहीं। नाक और गले का स्वैब लक्षणों वाले हर व्यक्ति के लिए सबसे सटीक रोग-निदान टेस्ट है। इस समय, स्लाइवा टेस्ट का प्रयोग लक्षणहीन लोगों में स्क्रीनिंग टेस्ट के तौर पर प्रयोग किया जाता है।

निगरानी जांच का मुझपर कितना खर्च आएगा?

टेस्ट आपके और आपके नियोक्ता दोनों के लिए नि:शुल्क है।

अपने परिणाम मिलने में मुझे कितना समय लगेगा?

परिणामों की सूचना केवल तभी दी जाएगी यदि आपका टेस्ट पॉज़िटिव आता है। इसकी सूचना आम-तौर पर 24 घंटों में दी जाएगी। यह मान लें कि आपका परिणाम नेगेटिव है बशर्ते कि आपको पॉज़िटिव परिणाम की सूचना मिलती है।

स्लाइवा टेस्टिंग की शुरूआत कब होगी?

कार्यक्रम की शुरूआत सोमवार 14 दिसम्बर 2020 से की जाएगी।

क्या स्लाइवा स्वैब कराने के बाद मुझे एकांतवास करना होगा?

नहीं। आपके लिए एकांतवास करना केवल तभी आवश्यक होगा यदि आप में लक्षण विकसित होते हैं या आप किसी मामले की चपेट में आते हैं।

और किसका टेस्ट किया जाएगा?

इस समय, क्वारंटाइन केन्द्र में काम करने वाले केवल सिक्योरिटी कर्मचारियों का टेस्ट करना आवश्यक होगा। सरकार, आवश्यकतानुसार अन्य समूहों पर विचार करेगी।

क्या इससे कोई नुकसान होगा?

नहीं। टेस्ट पीड़ारहित है, आक्रामक नहीं है और इसे करने में करीब 1 मिनट का समय लगता है।

यदि मुझ में कोई लक्षण नहीं हैं तो मेरा टेस्ट क्यों किया जा रहा है?

यह सामने आया है कि स्लाइवा टेस्ट का एक प्रभावी शुरूआती चेतावनी खोज साधन है। टेस्ट हमें लोगों में लक्षण विकसित होने से कहीं पहले मामलों पर नज़र रखने में सक्षम बनाएगा।

© NSW Ministry of Health 2021

क्या मुझे COVID-19 का उच्च खतरा है?

कई हज़ार लोग NSW क्वारंटाइन के माध्यम से सुरक्षित रूप से ऑस्ट्रेलिया लौट आए हैं। हालाँकि हमें अपनी प्रक्रियाओं पर भरोसा है, हम यह पहचान करते हैं कि जैसे-जैसे विश्व-भर में के COVID-19 मामलों की संख्याएँ बढ़ेंगी, ऑस्ट्रेलिया लौटने वाले अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों में संक्रमण की दरों में भी वृद्धि होगी।

यदि मेरा स्लाइवा टेस्ट होता है और मुझ में दिन में बाद में या अगले दिन लक्षण विकसित हो जाते हैं, तो मुझे क्या करना चाहिए?

आपको काम पर नहीं जाना चाहिए, नाक और गले का स्वैब टेस्ट करवाना चाहिए, और अपने परिणाम मिलने तक एकांतवास करना चाहिए।

© NSW Ministry of Health 2021